बिहार सरकार
युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी।

E-mail.ID:- deemotihari@gmail.com

पत्रांक / 2026:– 428 दिनांक:–24.07.2026

प्रेषक,

जिला नियोजन पदाधिकारी,
पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी।

सेवा में,

जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग
पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी।

विषय:– प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी के अंतर्गत पचिचारक (ATTENDERS) पदों पर भर्ती के संबंध में।

प्रसंग:– प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी के पत्रांक:– 27259 / E दिनांक:– 18 जूलाई–2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंग के संदर्भ में निवेदन पूर्वक कहना है कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी के पत्रांक:–27259 / E दिनांक:– 18 जूलाई–2026 के अंतर्गत परिचारक (ATTENDERS) पदों पर भर्ती की जानी है। जिसके लिए इच्छुक आवेदकों से आवेदन मांगा गया है। आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि–03 अगस्त–2026 निर्धारित है।

अतः आपसे आग्रह है कि अपने स्तर से उक्त पदों पर भर्ती हेतु उक्त आवेदन को विज्ञापित करने का कष्ट करें तथा इसकी सूचना अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय को भी देने का कष्ट करें।

सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ हेतु प्रेषित।

विश्वासभाजन

24/7/26

(अंकित राज)
जिला नियोजन पदाधिकारी
पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी।

ज्ञापांक:–428 दिनांक:–24.07.2026

प्रतिलिपि:–1 ब्यूरो चीफ हिन्दुस्तान दैनिक समाचार / प्रभात खबर दैनिक समाचार पत्र / दैनिक जागरण दैनिक समाचार पत्र / दैनिक भास्कर समाचार पत्र / अरेराज दर्शन समाचार पत्र / राष्ट्रीय सहारा दैनिक समाचार पत्र को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि जनहित में अपने स्तर से समाचार पत्र में इसे प्रकाशित कराने की कृपा करेंगे, जिससे अधिक से अधिक संख्या में बेरोजगार अभ्यर्थी लाभांवित हो सके।

24/7/26

जिला नियोजन पदाधिकारी
पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी।

बिहार सरकार
युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी।

## प्रेस–विज्ञप्ति

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी के पत्रांकः–27259/E दिनांकः– 18 जूलाई–2026 के आलोक में 61 (एकसठ) पचिचारक (ATTENDERS) के रूप में कार्य करने हेतु इच्छुक आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

पद एवं रिक्तियां

पचिचारक (**ATTENDERS**) हेतु कुल–61 पद।

आवश्यक अर्हताः–

1. शैक्षणिक योग्यता– कम से कम 10 वीं पास।
2. मानसिक रूप से स्वस्थ्य हो।
3. नैतिक चरित्र अच्छा हो।
4. उम्र निर्धारित–01.07.2026 तक बिहार सरकार के नियमानुसार।
5. बिहार के स्थायी निवासी को ही आरक्षण का लाभ मिलेगा।
6. किसी को यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
7. जिला नियोजनालय में एन0सी0एस0 पोर्टल पर निबंधित होना अनिवार्य है।
8. रिक्तियो से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर, योग्य उम्मीदवारों की सूची के लिए जिला नियोजनालय द्वारा वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय परीक्षा आयोजित की जा सकती है।

आवेदक को साक्षात्कार हेतु साथ में आधार कार्ड, आवासीय प्रमाण–पत्र, शैक्षिक योग्यता प्रमाण–पत्र, उम्र प्रमाण–पत्र, चरित्र प्रमाण–पत्र एवं आरक्षण से संबंधित प्रमाण–पत्र, मूल रूप में (Original) लाना अनिवार्य है।

यह रिक्ति एक वर्ष के लिए अस्थाई है।

नोटः– आवेदक, अपना आवेदन दिनांकः– 03.08.2026 के संध्या पांच (05) बजे तक आवेदन के साथ सभी प्रमाण–पत्रों की छायाप्रति जिला नियोजनालय पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी के कार्यालय की स्थापना शाखा में जमा कर सकते हैं। इस तिथि के बाद आवेदन स्वीकार्य नहीं किया जायेगा।